Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 18 °c | अधिकतम 30 °c

आज की अमृतवाणी

उस इंसान से कभी झूठ मत बोलिये, जिसे आपके झूठ पर भी विश्वास हो।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

सूर्योदय : 6:19
सूर्यास्त : 5:50

वर्ष : 50/ अंक : 284 | शुक्रवार, 14 अक्टूबर 2022 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है.....**

कांग्रेस अध्यक्ष बना तो राहुल और सोनिया गांधी से बात करके लूंगा फैसले : मल्लिकार्जुन खड़गे



यानी....चुनाव के बाद भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा......

# किया चांद का दीदार, बांटा प्यार और उपहार

▶ करवा चौथ पर खूब चमके गगन और धरा के चांद ▶ सुहागिनों ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर किया निर्जल व्रत का पारायण ▶ सुहाग की दीर्घायु की कामना के साथ सजधज कर इठलाई सुहागिनें ▶ ब्यूटी पार्लरों में शाम तक लगी रही भीड़, करना पड़ा लंबा इंतजार

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** सुहागिनों के संकल्प, श्रंगार और पति के प्रति समर्पण का पर्व करवा चौथ अपनी पारंपरिक आभा और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कई दिनों इस पर्व की तैयारी के बीच आज वह समय आया जब सुहागिनों ने अपने पति की दीर्घायु की कामना और परिवार की सुख समृद्धि के लिए पूरे दिन निर्जल रहते हुए व्रत रखा और शाम को सजधज कर चंद्र दर्शन और अर्घ्य देने के बाद अपने पति के दर्शन किए और परिवार के बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान नव विवाहिताओं का जोश देखते ही बनता था। करवाचौथ दीप पर्व श्रंखला का बड़ा पर्व है। इसके चलते कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में आज वो दिन आया जब सुहागिनों ने अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि की कामना के साथ निर्जल व्रत रखा।







शहर के साथ नई मंडी और गांधी कॉलोनी में इस पर्व की उमंग कल से ही बिखरी थी। सुबह सर्गई खाने के बाद आज का दिन शुरू हुआ। इसके बाद सुबह उठने के बाद महिलाओं ने परिवार के बड़े बुजुर्गों के चरण स्पर्श करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद दिन में करवा चौथ की कथा सुनी गई। व्रत के बावजूद महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद व्यस्त था। दिन में ही उन्होंने शाम के लिए पकवान बनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। इसके बीच उन्हें परिवार के दूसरे दायित्वों का निर्वाह भी करना पड़ा। इसके बाद शाम होते ही महिलाओं को प्रतीक्षा थी कि कब चंद्र दर्शन हो और वे अर्घ्य देकर अपने व्रत का पारायण करें। करीब सवा आठ बजे उनकी यह प्रतीक्षा पूरी हुई और चंद्र दर्शन की सूचना फैलते ही महिलाएं अपने घरों की छतों पर चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देने

# भाजपा जिलाध्यक्ष भी बने टिकट के दावेदार

▶ निकाय चुनाव की बैठक में दावेदारों के नाम पूछने पर खड़ा किया हाथ ▶ क्षेत्रीय अध्यक्ष, चुनाव प्रभारी और कई मंत्रियों की मौजूदगी में उड़ी मजाक

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा ने इच्छुक प्रत्याशियों की भी खोज शुरू कर दी है। आज उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई जब निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने पूछ लिया कि क्या यहां भी कोई टिकट का दावेदार है। इस पर खुद भाजपा जिलाध्यक्ष समेत चार पदाधिकारियों ने हाथ उठा दिए। हालांकि यहां प्रत्याशी चयन नहीं होना था, लेकिन इससे पार्टी के नेताओं की स्थिति पता चलती है कि जिन पदाधिकारियों के पास लोग टिकट के लिए सिफारिश लेकर जा रहे हैं, वह खुद टिकट की लाइन में खड़े हैं।

भाजपा के तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में आज पार्टी के नगर क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की बैठक पार्टी कार्यालय पर बुलाई थी। इसमें पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष मोहित बेनीवाल के अलावा लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री एवं मुजफ्फरनगर पालिका परिषद प्रभारी बृजेश सिंह व चेयरमैन राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. उप्र एवं नगर पालिका परिषद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाल के अलावा सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक एवं मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद चुनाव संयोजक अशोक कंसल उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पालिका परिषद चुनाव के प्रभारी बृजेश सिंह ने नगर निकाय चुनाव की समीक्षा की और बताया कि सभी 20 अक्टूबर 2022 तक निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट प्राप्त कर निकाय में आने वाले सभी मण्डलों पर निरीक्षण हेतु भेजने का कार्य करें। विशेष मतदाता अभियान में पार्टी के प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के सभी पदाधिकारी अपने-अपने बूथों पर पुरानी मतदाता सूची को लेकर घर-घर जाना है। सभी मण्डल प्रभारी व अध्यक्ष शक्ति केन्द्र के संयोजक व प्रभारी के साथ 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक वार्डों की बैठक सम्पन्न कराएं। 7 से 12 नवम्बर तक घर-घर सम्पर्क अभियान के तहत मतदाता सूची के साथ घर-घर जाकर नई और छुटी हुई वोटों के फार्म भरवाकर मतदाता सूची में दर्ज कराने का कार्य करें।

चेयरमैन पैक्सफैड सूर्य प्रकाश पाल ने बताया कि चुनाव की इच्छा व्यक्त करने वाले सभी कार्यकर्ता अपने-अपने वार्डों में सम्पर्क अभियान करें। अधिक से अधिक वोट बनवायें व सम्पर्क अभियान में जुट जायें। सभी मण्डल अध्यक्ष व प्रभारी चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर बैठक करें और सभी की बात सुने ताकि आपसी मन-मुटाव व टकराव न हो। क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल बताया कि बूथ स्तर की पहली बैठक में नये जुड़ने वाले मतदाताओं के नामों की सूची बनाना व परिवर्धन फार्म वितरण करना है। निकाय स्तर पर यह तय करना है कि प्रत्येक परिवार का वोट एक ही कलस्टर में रखा जाये। वार्डों की बैठक कर बूथों के अनुसार पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य करना है। प्रत्येक पन्ना प्रमुख बूथ समिति की बैठक कर अपने-अपने बूथ को मजबूत कर आगामी चुनाव में मेरा बूथ सबसे मंत्र के साथ अपने बूथ को जिताने का कार्य करें।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला महामंत्री विजय सैनी, जिला महामंत्री रोहिल वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष रोहताश पाल, जिला मंत्री सचिन सिंघल, जिला संयोजक स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ दीपक नारंग, जिला सह संयोजक स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ गोपाल मित्तल, दीपक वर्मा, नगर पालिका मतदाता प्रमुख धर्मेन्द्र तायल, नगर पालिका बूथ प्रबंधन प्रमुख जितेन्द्र कुच्छल, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा, जिला संयोजक सोशल मीडिया रक्षित नामदेव, जिला संयोजक आईटी विभाग सचिन सैनी, मण्डल प्रभारी महेशो चौधरी, राजकुमार छाबडा, यशवीर सिंह, मण्डल अध्यक्ष राजेश पाराशर, रोहित तायल, हरेन्द्रपाल, महेश सैनी, संजय चौधरी, डॉ. जयकुमार, मण्डल महामंत्री नंदकिशोर पाल आदि उपस्थित रहे।

### दिवाली पर भाजपा जलाएगी कमल के फूल वाले दीपक

**मुजफ्फरनगर।** निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा कमल दिवाली मनाएगी। इसके तहत सभी निकायों में कमल के फूल के आकार वाले दीपक जलाए जाएंगे। पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष ने बताया कि सभी को 22 से 25 अक्टूबर तक दीपावली मिलन का कार्यक्रम करना है। इसी कड़ी में दीपावली की पूर्व संध्या पर निकायों में कमल का फूल बनाकर दीप प्रज्वलित करना है। 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती के उपलक्ष में सभी बूथों पर मनाई जाएगी, जिसके अंतर्गत सेवा कार्य, मैराथन दौड़, रन फार यूनिटी, चिकित्सालयों व दलित बस्तियों में जाकर सेवा कार्य करने है। 6 दिसंबर को डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सभी निकायों में बाबा साहब की मूर्तियों की सफाई और माल्यार्पण करना है। निकायों की सभी बस्तियों में स्वच्छता अभियान भी चलाना है।

### ये पदाधिकारी निकले टिकट के दावेदार

मुजफ्फरनगर। भाजपा की बैठक के दौरान जब क्षेत्रीय अध्यक्ष ने पूछा कि यहां कौन-कौन चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। इस पर सबसे पहले जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने अपना हाथ खड़ा कर दिया। इसके बाद सचिन सिंघल, बिजेंद्र पाल और रोहताश पाल ने भी हाथ खड़े कर टिकट का दावा ठोंक दिया तो वहां मौजूद लोग हैरत में रह गए कि जिनसे लोग टिकट के लिए सिफारिश की उम्मीद कर रहे हैं, वही टिकटार्थी हैं तो आगे क्या होगा।

## रुपहले परिधानों में खूब सजी सुहागिनें

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। करवा चौथ के पर्व की तमाम व्यस्तताओं के बीच सुहागिनों में सजने संवरने की खूब उमंग रही। खास तौर से नव यौवनाओं और पहली बार व्रत रखने वाली सुहागिनों के तो अंदाज ही निराले थे। रुपहले लिबास के साथ मैचिंग चूडियां, बिंदिया, लिपिस्टिक, नेल पॉलिश और गहनों आदि अन्य श्रंगार प्रसाधनों की खरीदारी का जो दौर कई दिनों से चल रहा



था वह आज अपने मूर्त रूप में दिखाई दिया। खुद को अपने सजना के लिए संवारने में एक दूसरे को पीछे छोड़ देने की होड महिलाओं में नजर आई। सुबह से इस घड़ी की प्रतीक्षा करते-करते शाम होते ही सजने संवरने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने का काम शुरू हुआ। महिलाओं में अधिकांश ने घर पर ही यह कार्य किया, लेकिन बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसके लिए ब्यूटी पार्लरों की शरण ली। वहां इतना व्यस्त शेड्यूल था कि पहले से समय लिए जाने के बाद भी महिलाओं को अपनी बारी के लिए काफी इंतजार करना पड़ा।

# आधी रात मिली डॉ. अनुभव सिंघल को एनओसी

▶ तीन महीने अटका रहा काम साढ़े तीन घंटे में हुआ पूरा ▶ डीएम के आदेश पर एसडीएम ने रात में ही कराया काम

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** सीधी उंगलियों से घी नहीं निकला तो उंगली टेढ़ी करते ही सीएमओ दफ्तर के होश फाख्ता हो गए। ईवान के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभव सिंघल रात में धरने पर बैठे तो विभाग में हड़कंप मच गया। मामला डीएम तक पहुंचा तो आधी रात एसडीएम सदर को सीएमओ कार्यालय पर भेज साढ़े तीन घंटे में एनओसी जारी करवा दी गई। इसके बाद रात में करीब डेढ़ बजे ईको मशीन के विक्रय के लिए पीसीपीएनडीटी समिति की ओर से एनओसी जारी किए जाने के बाद चिकित्सक धरने से हटे।

शहर के मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ डा. अनुभव सिंघल स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार और लाल फीता शाही का आरोप लगाते हुए कल शाम सीएमओ कार्यालय में धरने पर बैठ गए थे।

उनका कहना था कि पीसीएनटीडी समिति द्वारा एसडी मैडीकल कॉलेज में रखी ईको मशीन को विक्रय करने के लिए एनओसी के लिए तीन माह से अधिक समय से चक्कर काटने के बाद भी एनओसी जारी ना किए जाने और कोई संतोष जनक जवाब देने के बजाया फाइल खो जाने की बात कहे जाने पर क्षुब्ध होकर बुधवार की रात करीब आठ बजे सीएमओ आफिस की दूसरी मंजिल पर पीसीएनटीडी कार्यालय के अंदर धरने पर बैठ गए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग से लेकर प्रशासन तक में हड़कंप मच गया था।

डॉ. सिंघल ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के चलते उनका काम तीन माह से जानबूझकर लटकाया गया। डॉ.अनुभव सिंघल के धरने के बाद आईएमए की अध्यक्ष ललिता माहेश्वरी एवं अन्य चिकित्सक भी वहां पहुंच गए। मामला उठा तो जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह के संज्ञान में आने के बाद एसडीएम परमानंद झा को रात दस बजे वहां भेजा इसके बाद तीन माह से लटकी समस्या का समाधान कराने के लिए कार्यवाही शुरू हुई।

इसके बाद एसडीएम ने रात में ही कर्मचारियों को बुलाकर दफ्तर खुलवाया और फाइल की ढूंढ मची। खोई फाइल मिल गई और इसके बाद रात में ही सभी औपचारिकताएं पूरी कर रात के करीब डेढ़ बजे ईको मशीन को बेचने की एनओसी डॉ.अनुभव सिंघल को मिली। तब जाकर डॉ.सिंघल वहां धरने से हटे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार भी मौजूद रहे।





### एक मंजिल चढ़ने में फाइल को लगे तीन माह

▶ डॉक्टर सिंघल धरना ना देते तो फाइल शायद पता भी ना चलती

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। डॉ.अनुभव सिंघल को तो एनओसी मिल गई, लेकिन इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्य प्रणाली की पोल खोल दी है। फाइल का वजन इतना हल्का था कि उसे कार्यालय के निचले तल से ऊपर के तल पर पहुंचने में ही तीन महीने लग गए। डॉ.सिंघल का कहना है कि विभाग की इस कार्य प्रणाली से सभी नर्सिंग होम और चिकित्सक दुखी व आतंकित हैं। जिस फाइल को खोया बताकर तीन माह से डॉ.सिंघल को चक्कर कटाए जा रहे थे, हंगामा होने के बाद आज वह फाइल भी मिल गई और तीन घंटे में कार्रवाई भी हो गई। डॉ.सिंघल ने कहा कि यह घटना सरकारी कार्यालयों की दशा बताती है। 27 जुलाई को दी गई फाइल कल भी निचले तल पर बने कार्यालय में लावारिस पड़ी पाई गई, जबकि इसे एक दो दिन बाद ही विभाग में पहुंच जाना चाहिए था। उनका कहना है कि खास तौर से पीसीपीएनडीटी विभाग को तो ऐसे बना दिया गया है, जिसे एनआईए हो, ईडी हो, जीएसटी या आयकर की छापा टीम हो। इसके कानून ऐसे हैं कि उनसे चिकित्सा संस्थान वालों को इतना डरा दिया जाता है कि उसे हार कर विभाग की मनमानी का शिकार होना पड़ता है। एक और सरकार चाहती है कि नए काम हों, दूसरी ओर सरकारी कर्मचारियों का व्यवहार ऐसा है। इस पर ध्यान देना होगा।

### बोले सीएमओ..होगी कार्रवाई

यह मामला निश्चित रूप से गंभीर है। मोटे तौर पर इसके लिए पीसीपीएनडीटी विभाग जिम्मेदार है। इसकी जांच हो रही है और इसमें दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

**डॉ.एमएस फौजदार**
**सीएमओ**

## डीसीएम से कुचलकर वृद्ध चौकीदार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** नई मंडी क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर के निकट डीसीएम से कुचलकर एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक फैक्ट्री और गोदामों में चौकीदारी करता था। हादसे के बाद चालक डीसीम मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराई और उसके परिजनों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सवेरे नई मंडी थाना क्षेत्र में भोपा रोड़ पर ट्रांसपोर्ट नगर के निकट सड़क किनारे शहर आने के लिये किसी वाहन के इंतजार में बैठे वृद्ध को डीसीएम ने चपेट में लेकर कुचल डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक डीसीएम मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराई, तो मृतक की पहचान नई मंडी थाना क्षेत्र के मौहल्ला गांधीनगर निवासी 65 वर्षीय बुद्धसिंह के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को इस हादसे की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण हेतु भेज दिया। पुलिस ने डीसीएम कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

▶ मृतक की पत्नी सहित 4 घायल, एक रैफर ▶ देर से पहुंची एंबुलेंस, तड़पता रहा घायल

कैराना, 13 अक्टूबर (बु.)। शामली रोड पर मन्ना माजरा के पास दो बाइकों की भिंडत हो गई, जिसमें बाइक सवार 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि मृतक की पत्नी सहित 4 लोग घायल हो गये। गंभीर हालत के चलते एक घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर कर पीएम के लिए भेज दिया। बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे शामली रोड पर मन्ना माजरा से पहले ही डिवाइडर कट पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिंडत हो गई, जिससे कैराना से कंडेला फैक्ट्री पर काम की तलाश में जा रहा मौहल्ला आलकला निवासी उजैर, अनस व आकाश तथा दूसरी बाइक सवार बाबरी निवासी 50 वर्षीय नईम व उसकी पत्नी घायल हो गई। काफी देर सड़क पर पड़े होने के कारण 50 वर्षीय व्यक्ति तड़पता रहा, लेकिन कोई भी मदद को आगे नहीं आया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी, लेकिन 15 से 20 मिनट देर से पहुंची। मौके पर पुलिस ने घायल उजैर, अनस व आकाश को कैराना सीएचसी पहुंचाया। जहां उजैर के सिर में गंभीर चोटों के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। उधर पुलिस ने घायल



नईम व उसकी पत्नी को शामली सरकारी अस्पताल पहुंचाया। नईम के सिर में गंभीर चोट के कारण उसे भी मुजफ्फरनगर रैफर कर दिया। मुजफ्फरनगर में डॉक्टरों ने नईम को मृत घोषित कर दिया। हालाकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नईम नामक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने नईम के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर नही दी गई। कैराना सड़क दुर्घटना में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला सहित चार घायल हैं, लेकिन वहीं सवाल सिस्टम पर खड़ा होता है, अगर समय पर एंबुलेंस या



राहगीर मदद कर देते तो शायद 50 वर्षीय व्यक्ति को बचाया जा सकता था, लेकिन जहां स्थानीय पुलिस भी 15 से 20 मिनट की देरी पर पहुंची, तो वही एंबुलेंस भी घटनास्थल पर लगभग 20 से 25 मिनट बाद पहुंची।

शेष : पृष्ठ-4 पर



# ट्रैक्टर रोका तो प्रशासन भुगतेगा अंजाम : चन्दन चौहान

## ट्रैक्टर ट्रॉली का किसान से भावनात्मक रिश्ता है।

भोपा, 13 अक्टूबर (बु.)। किसान की ट्रैक्टर ट्रॉली रोकने पर प्रशासन को अंजाम भुगतने की चेतावनी विधायक चन्दन चौहान ने दी है। विधायक ने रालोद की आगामी महापंचायत को लेकर जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं संग रूपरेखा बनाई व किसानों से रैली में ट्रैक्टर ट्रॉलियों से आने का आह्वान किया है। मोरना में रालोद नेता अमित ठाकरान के आवास पर पहुंचे मीरापुर विधायक चन्दन चौहान ने मोरना चीनी मिल पर होने वाली आगामी 19 अक्टूबर की महापंचायत को लेकर कार्यकर्ताओं संग रणनीति बनाई। चन्दन चौहान ने कहा कि अगर किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉली रोकी गई, तो प्रशासन इसके परिणाम भुगतेगा। ट्रैक्टर ट्रॉली का किसान से भावनात्मक रिश्ता है। कृषि कार्यों सहित किसान अंतिम संस्कार के लिये भी ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुलभ वाहन के रूप में प्रयोग करता है। दुर्घटनाएं ट्रेन व बसों से भी होती रहती हैं, उन्हें तो बन्द किया नहीं जाता। ट्रैक्टर-ट्रॉली के द्वारा ही किसान रैलियों में शामिल होते हैं। एयर कंडीशन कमरों में बैठकर बनाई गये नियम को सरकार वापस ले अन्यथा पार्टी कार्यकर्ता सड़कों पर आकर आंदोलन करेंगे। मोरना चीनी मिल का विस्तारीकरण बेहद जरूरी है। सरकार के प्रतिनिधि झूठ बोलकर जनता को ठगने का काम कर रहे हैं, जिसकी पोल खुलने लगी है। आगामी 19 अक्टूबर की महापंचायत में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी किसानों की समस्याओं को उठाकर सरकार को सचेत करेंगे। जिलाध्यक्ष प्रभात तोमर ने महापंचायत को सफल बनाने के लिये कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. अमित ठाकरान, बिन्नू राठी, सुन्दर गुर्जर, ललित सहरावत, आमिर राणा, श्यामवीर सिंह, फरमान, रवि सागर, नानू, सद्दाम, गौरव, भूपेन्द्र सिंह, जगपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


मोरना में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते चन्दन चौहान।



## एंबुलेंस में दो प्रसूताओं की सुरक्षित डिलीवरी

शामली, 13 अक्टूबर (बु.)। सरकारी एंबुलेंस में ले जाते समय दो अलग-अलग स्थानों पर बीच रास्ते में प्रसूताओं को सुरक्षित डिलीवरी कराई गई। दोनों महिलाएं और शिशु सुरक्षित हैं। गांव मलकपुर निवासी वसीम की पत्नी रुकसाना गर्भवती थी। गत दिवस अचानक उसे प्रसव पीड़ा होने लगी, जिस पर कैराना से एंबुलेंस 108 बुलाई गई, जो रुकसाना को लेकर सीएचसी कैराना के लिए रवाना हुई, लेकिन बीच रास्ते में महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। उन्होंने चालक नितिन मलिक को एंबुलेंस रोकने के लिए कहा। इसके बाद एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव हुआ, पायलट नितिन मलिक व ईमटी नेकराम ने महिला का प्रसव कराया, जिसने लड़की को जन्म दिया। इसके बाद जच्चा व बच्चा दोनों को को सुरक्षित सीएससी कैराना में भर्ती कराया गया। इसके अलावा गांव भनेड़ा जट निवासी इस्सर की पत्नी तबस्सुम गर्भवती थी। बीते दिवस उसे प्रसव पीड़ा होने लगी, जिस पर शामली से एंबुलेंस 102 बुलाई गई। एंबुलेंस यूपी32ईजी1861 महिला को लेकर शामली के लिए रवाना हुई, लेकिन रास्ते में ही उसे परेशानी बढ़ गई, जिस पर एंबुलेंस में मौजूद आशा बबीता ईएमटी श्रवण और चालक हरेन्द्र सिंह ने महिला का प्रसव कराया और बाद में सुरक्षित सीएचसी में भर्ती कराया। जच्चा, बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

## गांव के ही युवक पर दुराचार के प्रयास का आरोप

थानाभवन, 13 अक्टूबर (बु.)। थानाभवन क्षेत्र के गांव मोर माजरा निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर दुराचार के प्रयास का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले में जांच में जुटी है। थानाभवन क्षेत्र के गांव मोर माजरा निवासी पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर दी की पीड़िता खेत में काम करने के लिए जा रही थी। इसी दौरान आरोपी गांव का ही एक युवक ने पीड़िता को दबोच लिया और खेत में खींच कर महिला के साथ मारपीट कर दुराचार का प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले में जांच में जुटी है।

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 14 अक्टूबर, 2022**

**मेष**-योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

**वृषभ**-आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

**मिथुन**-आज रात्रि 10/02 बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियाँ दूर, लाभ भी।

**कर्क**-आज रात्रि 10/02 बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

**सिंह**-कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।

**कन्या**-योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

**तुला**-आज रात्रि 10/02 बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्रोत।

**वृश्चिक**-आज रात्रि 10/02 बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।

**धनु**-बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

**मकर**-आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न।

**कुम्भ**-आज रात्रि 10/02 बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त, मित्रों से विचार विमर्श।

**मीन**-आज रात्रि 10/02 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# गरीब बच्चों को शिक्षित करने में जुटी संस्था

**-सहायता ट्रस्ट कैराना में 400 बच्चों को दे रही है शिक्षा**

कैराना, 13 अक्टूबर (बु.)। अशिक्षा का अंधेरा भले ही पूरी तरह दूर न हुआ हो, लेकिन कोशिशों के दीये से हम अपने आसपास तो रोशनी कर ही सकते हैं। इसी सोच के साथ सहायता ट्रस्ट ने कैराना में बच्चों को खोजा और तालीम देनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं नर्सरी एंड एलकेजी सहित अन्य कक्षाओं के लिए बच्चों को कोर्स निशुल्क देकर 5 अध्यापकों को शिक्षा ग्रहण करने हेतु लगाया है। यहां मुनव्वर हसन एंड नाहिद कॉलोनी में दीनी तालीम के साथ इंग्लिश हिंदी आदि को पढ़ाया जा रहा है। दरअसल 2013 में जनपद मुजफ्फरनगर में हुए दंगो के बाद कैराना में अलग अलग स्थानों पर शरणार्थी कैंप चलाए गए थे। इसी को लेकर कैंप के बाद सपा विधायक नाहिद हसन ने एक ट्रस्ट के साथ मिलकर जमीन को दान दे दिया था, जिसमें लोग रहने लगे थे और अब उक्त लोगों के बीच एक संस्था ने बच्चो को पढ़ने के लिए खाका तैयार कर किताबे स्कूल बैग आदि की व्यवस्था की है, जिसमें सैंकड़ों बच्चों की पढ़ाई हेतु 5 अध्यापक प्रत्येक रोज शिक्षा ग्रहण करने में जुटे हैं, वहीं संस्था के सहयोगी गुलशद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था के माध्यम से बच्चों को यहां मुनव्वर हसन एंड नाहिद कॉलोनी में स्थित मस्जिद के बरांडे में गरीब बच्चों को पढ़ाकर उनकी व्यवस्था की गई है।

इतना ही नहीं उनके स्कूल बैग भी उपलब्ध कराए गए हैं। गुलशाद चैधरी बताते हैं की इन बच्चों की स्कूल फीस से लेकर उनकी किताबों और ड्रेस आदि का भी खर्च इकबाल ए खान उठा रहे हैं। इस पुनीत कार्य से प्रेरित होकर कई लोग उनसे जुड़ रहे हैं। पिछले दिनों कुछ लोगों ने इस कार्य को देख आदि जरूरत की चीजें भेजी हैं। इतना ही नहीं वह ऐसे बच्चों के लिए जल्द ही स्कूल खोलने और जमीन तलाश करने हेतु जुटे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 400 बच्चे शामिल हैं, इस निशुल्क शिक्षा ग्रहण अस्थाई स्कूल में। उन्होंने यह भी बताया की हैदराबाद की संस्था इस तरह के कार्य करती रहती है। इतना ही नहीं बच्चों को बिट्टू कुमार और इरफान नामक शिक्षा देने में जुटे हैं।

## खेत से किसान की हैरो हुई चोरी

भोपा, 13 अक्टूबर (बु.)। खेत में रखी किसान की हैरो को चोरों ने चुरा लिया। पीड़ित किसान ने पुलिस से हैरो की बरामदगी की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी किसान परविन्दर ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रताल खादर में स्थित उसने अपने खेतों में जुताई का कार्य के लिए हैरो रखी हुई थी। बुधवार की शाम को उसने अपने खेतों पर हैरो को देखा था। गुरुवार की सुबह जब परविन्दर खेत पर पहुंचा, तो हैरो गायब मिली। आसपास के खेतों मे हैरो की तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिली। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर हैरो की बरामसी की मांग की है।

# संयुक्त व्यापार मंडल ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## टूटी सड़कें व पथ प्रकाश व्यवस्था में सुधार की मांग

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। संयुक्त व्यापार मंडल के दर्जनों पदाधिकारियों ने नगरीय क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के संबंध में एक ज्ञापन डीएम चन्द्र भूषण सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मुख्य बाजारों से संकरे रास्तों को व्यवस्थित करने की मांग करते हुए कहा कि उक्त समस्याओं का निस्तारण समय रहते होने से ही नगर की जनता और व्यापारियों का भला हो सकेगा।

गुरूवार को संयुक्त व्यापार मंडल से जुड़े दर्जनों व्यापारियों ने कृष्ण गोपाल मित्तल व संजय मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंच व्यापारियों के साथ आमजन की समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन डीएम को सौंपा। डीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि शहर व नई मंडी क्षेत्र में जगह-जगह सड़कों पर काफी गड्ढे हो रहे हैं, इसके साथ ही उक्त सड़के टूटी हुई हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। व्यापारियों ने उक्त टूटी सड़कों का पुनर्निर्माण करवाए जाने की मांग की। इस त्यौहारी सीजन के कारण शहर में सभी जगह लाइट की व्यवस्था करवाई जाने के साथ रुड़की रोड जो डिवाइडर बनाए गए हैं, उनके पास में ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभे हैं, जिसके कारण आने-जाने वालों को लगातार परेशानी उठानी पड़ती है। इसके साथ ही इससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ रहता है। इस दौरान मुख्य रूप से व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, संजय मिश्रा, संयोजक सतपाल सिंह मान, राकेश त्यागी, बलविंदर सिंह, पवन वर्मा, सुनील ग्रोवर, रवि शर्मा, रमन शर्मा, सुखबीर सिंह, विक्की चावला, एडवोकेट शलभ गुप्ता, जयवीर सिंह, सुरेंद्र मित्तल, सचिन शर्मा, अंकुर गुप्ता, मौ. नदीम व सलीम आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## कातिलाना हमले में अधेड घायल हालत गम्भीर

पुरकाजी , 13 अक्टूबर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव कैल्लनपुर में बुधवार की रात्रि कुछ लोगो ने ग्रामीण लोकेश कश्यप पर कातिलाना हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा गम्भीर रूप से घायल को प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र भिजवाकर हमलावरों की तलाश की, मगर उनका कोई सुराग नहीं लगा।

घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बृहस्पतिवार को घायल लोकेश कश्यप के परिजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील बाल्मिकी व दर्जनो ग्रामवासियो के साथ थाने पहुँचे तथा पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की।

# किसानों को कम ब्याज दर पर मिलेगा लोन

लखनऊ, 13 अक्टूबर (वार्ता)। योगी सरकार ने दलित और पिछड़ा वर्ग के किसानों के लिए बड़ा फैसला लिया है। इस वर्ग से जुड़े किसानों को अब कम ब्याजदर पर लोन मिल सकेगा। इसके अलावा पढ़ाई के लिए भी लोन दिया जाएगा। यह लोन पांच से सात साल के लिए उपलब्ध होगा। योगी कैबिनेट ने गुरुवार को इसकी मंजूरी दे दी। उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. (पुराना लोकप्रिय नाम एलडीबी) अब अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब छोटे किसानों के साथ ही इस वर्ग के अन्य लोगों को कम ब्याज दर पर ऋण देगा। बैंक से मिलने वाले कम ब्याज वाले कर्ज से इस वर्ग के लोगों को खेती और रोजगार में सहूलयत हो जाएगी। प्रदेश कैबिनेट ने गुरुवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के पक्ष में 200 करोड़ रुपये की शासकीय गारंटी का अनमोदन कर दिया है। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने बताया है कि प्रदेश में पहली बार अनुसूचित तथा पिछड़ा वर्ग के गरीब किसानों को खेती और लघु उद्यम स्थापित करने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण मिल सकेगा। इस वर्ग के गरीब लोगों के बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षा ऋण भी दिया जाएगा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम से बैंक को अधिकतम तीन प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होगा। मंत्री ने बताया है कि कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य करने व लघु उद्योग स्थापित करने के लिए किसानों को करीब 4 से 6 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याजदर पर 5 लाख रुपये तक तथा उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए 4 प्रतिशत की दर से करीब 10 लाख रुपये तक ऋण दिया जाएगा। यह ऋण 5 से 7 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। उन्होंने बताया है कि वर्तमान में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा करीब 9 से 10 प्रतिशत की ब्याज दर से शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। अब गरीब किसानों को कम ब्याज पर ऋण मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ-साथ उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। कैबिनेट ने नाबार्ड के पक्ष में पूर्व निर्गत 1000 करोड़ रुपये की गारंटी निरस्त करते हुए उसके स्थान पर 800 करोड़ रुपये की गारंटी वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किए जाने के प्रस्ताव को भी अनुमति प्रदान किया है।


पुलिया के निर्माण को प्रदर्शन करते रहमतपुर के ग्रामीण।

# तंग पुलिया के निर्माण को ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

भोपा, 13 अक्टूबर (बु.)। हादसों का सबब बनी राजवाहे की तंग पुलिया की शिकायत को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया व प्रदेश के मुख्यमंत्री से पुलिया के शीघ्र निर्माण की गुहार लगाई है। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गाँव रहमतपुर के ग्रामीणों ने राजवाहे की पुलिया पर प्रदर्शन कर बताया कि शुकतीर्थ-बरला मार्ग का चौड़ीकरण हाल ही में भोकरहेड़ी से निरगाजनी झाल तक हुआ है। मार्ग के चौड़ीकरण सुदृढ़ होने से वाहनों की गति बढ़ गई है। वहीं रहमतपुर में स्थित राजवाहे की पुलिया का विस्तार न होने से रात में गुजरने वाले वाहन तंग पुलिया की बाउन्ड्री से टकराकर राजवाहे में गिर जाते हैं। पिछले कुछ समय मे दर्जनों व्यक्ति हादसे का शिकार हो चुके हैं तथा बच्चे की राजवाहे में गिरकर मौत हो चुकी है। जर्जर हो चुकी तँग पुलिया से हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। पुलिया के जर्जर होने के कारण इसके अचानक टूट जाने का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीण पुलिया के तँग होने की शिकायत अनेक बार अधिकारियों से कर चुके हैं। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया व प्रदेश के मुख्यमंत्री से शीघ्र पुलिया के निर्माण की माँग की है। इस अवसर पर सन्नी चौधरी, रवि, टीटू, प्रमोद, सतबीर, राजबीर, इकबाल, जयवीर, विकास, रामबीर आदि प्रदर्शन करनेवालों में शामिल रहे।

# पीएनबी शाखा प्रबंधक पर 50 हजार का जुर्माना

शामली, 13 अक्टूबर (बु.)। करीब छह साल पहले एक ग्राहक के एक लाख 20 हजार रुपये का चैक गायब करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शामली ने पंजाब नेशनल बैंक मंडी मार्शगंज शाखा के तत्कालीन प्रबंधक को दोषी मानते हुए गायब चैक की पूरी रकम, मानसिक क्षतिपूर्ति व वाद व्यय के 13 हजार रुपये तथा 50 हजार रुपये का जुर्माना किया है। ग्राम खेड़ीकर्मू निवासी अमीचन्द पुत्र सुखबीर सिंह का पंजाब नेशनल बैंक शाखा मार्श गंज में बैंक खाता खोल रखा है। 7 मई 2016 को उसे सुनील नामक व्यक्ति से एक लाख 20 हजार रुपये का एक चैक मिला, जो उसने अपने खाते में लगाया और इस दौरान उसने खाते से रुपये का ट्रांजेक्शन या चैक नहीं काटा और न ही किसी से इसी जानकारी शेयर की, जिस पर अमीचंद ने पंजाब नेशनल बैंक मंडी मार्शगंज शामली शाखा प्रबंधक के विरुद्ध जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शामली में परिवाद संख्या 87/2017 दायर कर आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षतिपूर्ति के रूप में 50 हजार रुपये और 15 रुपये वाद व्यय दिलाने की याचना की। आयोग के अध्यक्ष हेमंत कुमार गुप्ता और सदस्या अमरजीत कौर ने कहा कि तत्कालीन बैंक शाखा प्रबंधक ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया और लापरवाही दशार्यी, जिसके लिए वह वित्तीय अनियमितता के लिए पूर्णतया दोषी हैं। आयोग ने शाखा प्रबंधक के विरुद्ध परिवाद स्वीकार किया।अपने आदेश में आयोग ने कहा कि परिवादी को उसके एक लाख 20 हजार रुपये मय तत्समय प्रचलित ब्याज बचत खाते पर देय बयाज सहित आर्थिक, शारीरिक और मानसिक क्षतिपूर्ति के दस हजार, वाद व्यय के तीन हजार रुपये तीस दिन के अंदर आयोग में जमा करें। साथ ही बैंक शाखा प्रबंधक को अनैतिक व्यवहार अपनाने के लिए 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक को तत्कालीन पंजाब नेशनल बैंक मार्शगंज मंडी शामली शाखा प्रबंधक के विरुद्ध गंभीर वित्तीय अनियमितता की विभागीय जांच कर दो माह में जिला आयोग शामली में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

## मेरठ-करनाल मार्ग पर बने गड्ढे दे रहे हादसों को दावत

शामली, 13 अक्टूबर (बु.)। वैसे तो जिला प्रशासन के आदेश पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा शहर की सडकों में पेंचवर्क का कार्य शुरू कर दिया गया, लेकिन अभी भी अनेकों ऐसे सडके हैं, जहां सडकों में बने गहरे गड्ढ़े हादसों को बढावा दे रहे हैं। शहर के मेरठ-करनाल मार्ग की हालत खराब होने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों की खस्ताहाल के चलते कई दिन पूर्व एक मासूम छात्रा की ई-रिक्शा के पलटने से मौत हो गई थी, जिससे गुस्साऐं परिजनों व व्यापारियों ने जिला प्रशासन का घेराव कर सडकों की मरम्मत कराये जाने की मांग की थी।

डीएम के सख्त रूख को देते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग ने देर रात्रि में ही कई सडकों पर पेंचवर्क करते हुए सड़कों को गडढामुक्त जरूर किया, लेकिन सड़कों में प्रयोग की जा रही सामग्री इतनी घटिया है कि वह सड़कें दोबारा उखड़ती जा रही है। इसके अलावा मेरठ-करनाल हाईवे स्थित बुढ़ाना फाटक पर बने गडढ़े दुर्घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। जहां चार दिन पूर्व हुई बारिश का पानी अभी तक भरा हुआ है और कीचड़ फैलने से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




## भाजपा कार्यालय प्रभारी ने वृक्षारोपण किया

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बुस.)। भाजपा जिला कार्यालय प्रभारी मनीष ऐरन ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय परिसर में सीता अशोक के पेड़ का वृक्षारोपण किया। कार्यालय प्रभारी मनीष ऐरन ने बताया कि यह पेड़ श्रीलंका में पाया जाता है, जिसके नीचे वाटिका में माता सीता को लंकापति रावण ने रखा था। सीता माता ने इसी पेड़.के नीचे समय बिताया था। उन्होंने बताया कि यह वृक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान ने उपलब्ध कराएं हैं। बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यालय प्रभारी मनीष ऐरन ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान मुजफ्फरनगर शहर अध्यक्ष राजीव गर्ग, जिला मंत्री वैभव त्यागी, कर्मवीर सिंह दीवान जी, रविंद्र वाल्मीकि तालड़ा, मोनू तालड़ा आदि मौजूद रहे।


मीरापुर में करवाचौथ पर हाथों में मेहंदी लगाए उत्साहित महिलाएं।

# सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत

मीरापुर, 13 अक्टूबर (बुस.)। मीरापुर क्षेत्र में करवाचौथ का पर्व महिलाओं ने परंपरागत तरीके से मनाया। करवाचौथ पर सुहागिन महिलाओं ने अपनी पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा। इस दौरान नवविवाहित युवतियों में व्रत को लेकर अधिक उत्साह नजर आया। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन करवाचौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं द्वारा रखा जाता है। मीरापुर क्षेत्र में करवाचौथ के दिन सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के लिए निर्जला व्रत रखा तथा सुहागिन महिलाओं ने अपने हाथों में पति के नाम के मेहंदी रचाई। विशेषकर नव विवाहित युवतियों में अपने पहले करवाचौथ पर्व को परम्परागत रूप से अपने मायके में मनाते हुए अपने हाथों की मेहंदी में पति के नाम लिखवाए,करवाचौथ के लिए विवाहित युवतियों व महिलाओं की ब्यूटीपार्लरो पर भारी भीड़ रही। महिलाओं ने घरों में तरह तरह के पकवान बनाये तथा घर की बुजुर्ग महिलाओं के साथ करवाचौथ के व्रत की कथा सुनी तथा अविवाहित लड़कियों से करवा भरवाने की रस्म कराकर परम्परागत बयान निकालकर एक दूसरे को दिया। वहीं पतियों ने भी अपनी पत्नियों को उपहार भेंट किये। रात्रि में चंद्रमा देखकर जल चढ़ाकर और पति का छलनी में मुँह देखकर महिलाओं ने पति के हाथ से पानी पीकर अपना व्रत खोला।

## कटी हुई बाइक के सामान सहित पकड़ा

थानाभवन, 13 अक्टूबर (बु.)। थानाभवन थाना पुलिस ने एक युवक को उसकी दुकान से कटी हुई बाइक के स्पेयर पार्ट सहित गिरफ्तार कर लिया। थानाभवन नगर के चरथावल रोड पर स्थित एक स्पेयर पार्ट में मिस्त्री की दुकान पर चोरी की बाइक काटने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान मौके से आरोपी युवक जावेद पुत्र मुस्तकीम निवासी थानाभवन को हिरासत में ले लिया। मौके से पुलिस ने कटी हुई बाइक के स्पेयर पार्ट्स भी बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी जावेद ने बताया कि वह कटे हुए स्पेयर पार्ट्स को पानीपत निवासी गुरदीप को भेजता है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दिया है। कटी हुई बाइकों के सामान सहित गिरफ्तार आरोपी युवक जावेद के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है परंतु पुलिस ने थाने से ही आरोपी को जमानत देकर छोड़ दिया मामला चर्चा का विषय बना रहा।






# विद्यार्थियों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बुस.)। श्रीराम कॉलेज के प्रांगण में गृह विज्ञान संकाय और ललित कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए कलात्मक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देष्य विद्यार्थियों को अपनी भारतीय संस्कृतियों में अपने रीति रिवाजों, त्यौहारों व उत्सवों को अपने परम्परागत रूप से मनाने की कला को हस्तान्तिरित करना हैं।

इसी विषय को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार से विद्यार्थियों को अपनी कलात्मकता को प्रदर्षित करने का अवसर मिल सके, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए मनमोहक मेहंदी ड़िजाइन बनाकर सब का मनमोह लिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीराम कॉलेज आफ मैनेजमेंट की प्रेसीडेन्ट डॉ. पूनम शर्मा तथा श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के ड़िजाइन बनाकर विद्यालय के वातावरण को परिवर्तित किया। निर्णायक मण्ड़ल में गृह विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्षा डॉ. श्वेता राठी एवं ललित कला संकाय की विभागाध्यक्षा रूपल मलिक ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गृह विज्ञान संकाय की छात्रा मेहविष सैफी द्वितीय पुरस्कार ललित कला संकाय की छात्रा अलीषा, तृतीय पुरस्कार गृह विज्ञान संकाय की छात्रा इंषा को देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

डॉ. प्रेरणा मित्तल ने गृह विज्ञान संकाय की छात्राओं अलमिषबा, उजमा, अलीषा एवं ललित कला संकाय की छात्राओं शगुन, निषिता, श्रुति गुप्ता, काजल आदि को सांत्वना पुरस्कार देकर उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रतियोगितायें कला के प्रदर्शन का सबसे सशक्त माध्यम हैं। श्रीराम कॉलेज आफ मैनेजमेंट की प्रेसीडेन्ट डॉ. पूनम शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन निरन्तर रूप से किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा निखर सके।

गृह विज्ञान विभाग की ड़ीन डॉ. श्वेता राठी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का कलात्मक विकास होता है। ललित कला संकाय के निदेशक डॉ. मनोज धीमान ने मेहंदी के विभिन्न प्रकार के डिजाइनों को देखते हुए कहा कि इन्हीं रीति-रिवाजों और संस्कृति के कारण हमारा देष अन्य देशों से भिन्न है, साथ ही ललित कला संकाय की विभागाध्यक्षा रूपल मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा देने के लिए विभागीय लैक्चरार सदैव प्रतिबद्ध है।

ललित कला संकाय के निदेशक डॉ. मनोज धीमान, विभागाध्यक्षा रूपल मलिक एवं प्रवक्ताओं में रजनीकांत, बिनू पुण्डीर, अनु, रीना त्यागी, हिमांशु गौतम, मीनाक्षी काकरान, मयंक सैनी, अजीत कुमार, शर्मिष्ठा एवं नीलम कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

गृह विज्ञान संकाय की डीन डॉ. श्वेता राठी प्रवक्ताओं में रूबी पोसवाल, ईशा अरोड़ा, अलीना सिद्दीकी, सोफिया अंसारी, पायल एवं काजल मवी आदि उपस्थित रहे।

# विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बुस.)। जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आज विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जन जागरूकता के उद्देश्य से स्कूली बच्चों के साथ रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम लव योर आईज है, जिसके अंतर्गत आज माउंट लिट्रा जी स्कूल के बच्चों के साथ जन जागरूकता की दृष्टि से रैली निकाली गई तथा लोगों को उनके नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि इसी के साथ ही 10 अक्टूबर से लेकर 16 अक्टूबर के मध्य मनाये जा रहे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाई गई। बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर मानसिक रोगों के प्रति लोगों में यह संदेश दिया कि जिस प्रकार लोग अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं, उसी तरह मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। दोनों कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पीयूष गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. गीतांजलि वर्मा, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पण जैन, काउंसलर मनोज कुमार, विपिन आत्रे रविंद्र कुमार सहित माउंट लिट्रा जी स्कूल के सभी शिक्षकों का सहयोग रहा। विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज ने सभी उपस्थित अधिकारीगण और डॉक्टरों का धन्यवाद किया।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की कलम से

# हिजाब पर जजों की राय

हिजाब मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जजों की राय अलग-अलग होने से अब ये मामला बड़ी बेंच के पास जाएगा। अब हिजाब मामले की सुनवाई बड़ी बेंच करेगी। ये मामला बीते साल जुलाई में उभरा था। कर्नाटक के उडुपी ज़िले में एक जूनियर कॉलेज ने छात्राओं पर स्कूल में हिजाब पहनकर आने पर रोक लगा दी थी। 01 जुलाई 2021 को गवर्नमेंट पीयू कॉलेज फॉर गर्ल्स ने तय किया था कि किस तरह की पोशाक को कॉलेज यूनिफॉर्म स्वीकार किया जाएगा और कहा था कि छात्राओं के लिए दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। जब कोविड लॉकडाउन के बाद स्कूल फिर खुला, तो कुछ छात्राओं को पता चला कि उनकी सीनियर छात्राएं हिजाब पहनकर आया करती थीं। इन छात्राओं ने इस आधार पर कॉलेज प्रशासन से हिजाब पहनने की अनुमति मांगी। उडुपी ज़िले में सरकारी जूनियर कॉलेजों की पोशाक को कॉलेज डेवलपमेंट समिति तय करती है और स्थानीय विधायक इसके प्रमुख होते हैं। बीजेपी विधायक रघुवीर भट्ट ने छात्राओं की मांग नहीं मानी और उन्हें क्लास के भीतर हिजाब पहनने की अनुमति नहीं मिली। दिसंबर 2021 में छात्राओं ने हिजाब पहनकर कैंपस में घुसने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें बाहर ही रोक दिया गया था। इन लड़कियों ने इसके बाद कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था और जनवरी 2022 में उन्होंने कर्नाटक हाईकोर्ट में हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका दायर कर दी थी। ये मामला शुरू तो उडुपी ज़िले से हुआ था, लेकिन जल्द ही जंगल की आग की तरह बाकी ज़िलों में भी फैल गया। शिवमोगा और बेलगावी ज़िलों में भी हिजाब पहनकर कॉलेज आने वाली मुसलमान छात्राओं पर रोक लगा दी गई। अपने 129 पन्नों के फैसले में हाईकोर्ट ने क़ुरआन की आयतों और कई इस्लामी ग्रंथों का हवाला दिया था। इसके बाद कर्नाटक हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए, छात्राओं की ओर से एक स्पेशल लीव पेटिशन दायर की गई। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस हेमंत गुप्ता और सुधांशु धुलिया इस मामले की सुनवाई कर रहे थे। जस्टिस गुप्ता ने कहा कि हमारे अलग-अलग विचार हैं, इसलिए ये मामला चीफ जस्टिस के पास भेजा जा रहा है ताकि वह बड़ी बेंच का गठन करें। इस दौरान कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला जारी रहेगा। इस साल मार्च में कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि क्लासरूम में हिजाब पहनने की अनुमति देने से "मुसलमान महिलाओं की मुक्ति में बाधा पैदा होगी" और ऐसा करना संविधान की 'सकारात्मक सेकुलरिज्म' की भावना के भी प्रतिकूल होगा। हाईकोर्ट ने कहा था कि हिजाब इस्लाम के अनुसार अनिवार्य नहीं है। इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू होने के तीन दिन पहले मुख्यमन्त्री बसावराज बोम्मई की सरकार ने एक आदेश जारी करके सभी छात्रों के लिए कॉलेज प्रशासन की तरफ से तय यूनीफॉर्म को पहनना अनिवार्य कर दिया। इस आदेश में ये भी कहा गया कि तय पोशाक के अलावा कुछ और पहनने की अनुमति नहीं होगी। आदेश में कहा गया कि सरकारी कॉलेजों में कॉलेज की विकास समिति के पास यूनीफॉर्म तय करने को लेकर पूर्ण अधिकार होगा। आदेश में ये भी कहा गया कि निजी शिक्षा संस्थान ये तय कर सकते हैं कि छात्राओं से यूनीफॉर्म पहनने के लिए कहा जाए या नहीं। इस आदेश के दो दिनों के भीतर ही प्रदर्शन राज्यभर में फैल गए और कई जगह हिंसक घटनाएं भी हुईं। 8 फरवरी 2022 को उडुपी के एमजीएम कॉलेज में सैंकड़ों छात्रों की भीड़ ने हिजाब पहने लड़कियों के खिलाफ नारेबाजी हुई। कर्नाटक के कई इलाकों में हिंसक झड़पें हुईं। पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा और आंसू गैस छोड़नी पड़ी। मुख्यमन्त्री को एहतियात के तौर पर कई दिनों तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश देना पड़ा। इसके बाद मामला कर्नाटक हाई कोर्ट की तीन जजों की बेंच में पहुंचा। हिजाब-ए-इख्तियारी यानी एक महिला की हिजाब को चुनने की पसंद। कर्नाटक से लेकर ईरान तक हर तरफ यही बात सुनाई दे रही है। ईरान में हजारों महिलाएं उस कानून के खिलाफ सड़कों पर हैं, जो उन्हें सार्वजनिक स्थलों पर हिजाब पहनना अनिवार्य करता है, वहीं भारत के कर्नाटक प्रांत में कॉलेज छात्राएं हिजाब पहनने के अधिकार की मांग कर रही हैं। ये दोनों ही विचार एक-दूसरे के विरोधी हैं, लेकिन इनका तर्क एक ही है कि एक महिला के पास ये अधिकार होना चाहिए कि वो तय कर सके कि उसे क्या पहनना है और क्या नहीं पहनना है। उसे अपने जिस्म के साथ क्या करना है, ये अधिकार उसके पास होना चाहिए। हाईकोर्ट ने 11 दिनों तक इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने 5 फरवरी को जारी राज्य सरकार के आदेश को बरकरार रखा। इस आदेश के तहत उन स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पर रोक लगाई जा सकती थी, जहां यूनीफॉर्म पहले ही से तय थी। अदालत ने कहा कि 'स्कूल यूनीफॉर्म तय करना उचित प्रतिबंध है, जो संवैधानिक रूप से स्वीकार्य है'। मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी, जस्टिस कृष्ण दीक्षित, जस्टिस जेएम काजी की पीठ ने ये कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि, "ये तर्क नहीं दिया जा सकता है कि हिजाब पोशाक का हिस्सा होने की वजह से इस्लाम की आस्था के मूल में है। ऐसा नहीं है कि हिजाब पहनने की कथित प्रथा का अगर पालन न किया जाए तो, जो लोग हिजाब नहीं पहन रहे हैं, वो गुनाहगार हो जाएंगे। या इस्लाम अपनी चमक खो देगा और धर्म नहीं रहेगा। कर्नाटक सरकार की तरफ से पेश होते हुए महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा था, कोई भी 2004 के बाद से हिजाब पहनकर क्लास रूम नहीं आ रहा है। ये सब दिसंबर 2021 में शुरू हुआ, जब कुछ छात्राएं हिजाब पहनकर कॉलेज आने लगीं। 2022 में इस्लामी संस्था पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ने हिजाब पहनकर कॉलेज आने के समर्थन में अभियान चलाया। सितंबर में भारत की केंद्र सरकार ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था। तुषार मेहता ने कहा था,ये छात्राओं का कोई अचानक शुरू किया गया अभियान नहीं है। छात्राएं बड़ी साज़िश का हिस्सा थीं, कोई उन्हें पीछे से नचा रहा था। भारत में अब सुप्रीम कोर्ट में बड़ी बैंच का गठन होगा, वहीं हिजाब विवाद पर फैसला करेगी। ये फैसला तय करेगा कि कर्नाटक में कॉलेज और स्कूल जाने वाली छात्राएं कैंपस के अंदर हिजाब पहन पाएंगी या नहीं।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"सफर" "ढंग" "मुश्किलें" "जिन्दगी"
अब तो सीधे रास्तों का भी सफर आसां नहीं,
टेढ़े मेढ़े रास्तों पर ढंग से चलना सीखिये।
मुश्किलें मिटती नहीं हैं, जिन्दगी का अंग हैं,
जिन्दगी की मुश्किलें आसान करना सीखिये।


रस्म पगड़ी



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी
श्री अशोक कुमार अरोरा (PA to डीएम शामली) का
स्वर्गवास दिनांक : 12 अक्टूबर 2022, दिन बुधवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी दिनांक : 15 अक्टूबर 2022, दिन शनिवार
को समय : दोपहर 2 से 3 बजे तक,
स्थान : लक्ष्मी नारायण मंदिर, गांधी कॉलोनी,
मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

—शोकाकुल परिवार—
किरण अरोरा (पत्नी)
शुभम अरोरा–निकिता अरोरा (पुत्र–पुत्रवधु)
शिल्पी कुकरेजा–पुनीत कुकरेजा (पुत्री–दामाद)
राजकुमार अरोरा (भाई), अमित अरोरा, रवि अरोरा (भतीजे)
हितांश अरोरा (पौत्र), हरमन कुकरेजा (धेवती)
मोबाइल : 9650155103, 9358536765


## डॉ.अनुभव का धरना दुर्भाग्यपूर्ण: चौहान

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। सीएमओ ऑफिस में चल रहे धरने पर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के नामित सदस्य सुभाष चौहान ने विभाग में जारी भ्रष्टाचार को रोकने की मांग की है।

चौहान ने कहा कि सीएमओ दफ्तर में धरने पर बैठे जनपद के प्रतिष्ठित डाक्टर अनुभव सिंघल को 3 महीने लगातार सीएमओ दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा, यह दुर्भाग्य पूर्ण है।

जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद मात्र 8 घंटों में पूरे प्रकरण का निस्तारण कराया गया।

मामले के निस्तारण के लिए मुख्य रूप से भाजपा नेता श्रीमोहन तायल, स्वास्थ्य विभाग के नामित सदस्य सुभाष चौहान ने वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर समस्या का निस्तारण कराया।

कई प्रतिष्ठित डाक्टर, भाजपा नेता और कार्यकर्ता देर रात तक मौके पर मौजूद रहे।

# पीईटी परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर

## –प्रमुख सचिव गृह ने दिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कराने के निर्देश
## –जनपद में 24 परीक्षा केंद्रों पर 12,288 द्वारा किया पंजीकरण

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा-2022 पीईटी के संबंध में प्रमुख सचिव गृह की अध्यक्षता में संपन्न वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जनपदों के साथ बैठक में इसको निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर विचार मंथन के साथ ही अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए गए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख सचिव गृह की अध्यक्षता में प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा 2022 के संबंध में समस्त जनपदों के अधिकारियों के साथ इससे जुड़ी तैयारियों के दृष्टिगत बैठक संपन्न हुई। एनआईसी ऑफिस में संपन्न हुई उक्त बैठक में जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह, एसएसपी विनीत जायसवाल, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के कुल 1900 केंद्रों पर 15 और 16 अक्टूबर को प्रस्तावित होने वाली उक्त प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा के लिए शासन ने भी कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि पीईटी की उक्त परीक्षा



में किसी भी तरह नकल नहीं होनी चाहिए। वहीं अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे देखते हुए सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।

परीक्षा के दिन ड्यूटी पर लगाये सभी सेक्टर, स्टेटिक एवं जोनल मजिस्ट्रेट सतर्क रहें और सभी इन परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराना सुनिश्चित करें। बता दें, रविवार और सोमवार को होने वाली उक्त अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा की इस लिखित परीक्षा के लिए जिले में 24 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिनमें 12,288 अभ्यर्थियों द्वारा चारों पालियों में दोनों दिन परीक्षा देंगे।

इस लिखित परीक्षा में सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक 3 परीक्षा केन्द्रों पर एक सैक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए कुल 8 सैक्टर मजिस्ट्रेट लगाये हैं। वहीं केंद्रों पर इस बीच में 24 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व 500 से अधिक अभ्यर्थियों वाले 10 केन्द्रों पर एक-एक अतिरिक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं, ताकि परीक्षा को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से नकलविहीन संपन्न कराया जा सके।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कश्मीर से शुरू यात्रा का स्वागत




मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक निकली यात्रा का आज सुबह यहां पहुंचने पर स्वागत किया गया। देश भर में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली योजना को दोबारा से लागू करने की मांग को लेकर कश्मीर से शुरू हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी रावत के नेतृत्व में आज मुजफ्फरनगर के आयकर कार्यालय पर पहुंची। यहां आयकर अधिकारी अमिताभ श्रीवास्तव व इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने यात्रा का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रावत को फूल माला पहनाकर उनका इस यात्रा को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया गया। उपस्थित लोगों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर नारेबाजी की राष्ट्रीय अध्यक्ष रावत ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कश्मीर के लाल चौक से हमने यह यात्रा शुरू की थी जो आज मुजफ्फरनगर पहुंची है और यहां से हम मेरठ गाजियाबाद दिल्ली होते हुए कन्याकुमारी जाएंगे और सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते रहेंगे। हम पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए धरना प्रदर्शन और ज्ञापन जैसे काम कर रहे हैं। इसी के लिए कर्मचारियों को जागरूक करने को कश्मीर से कन्याकुमारी तक पुरानी पेंशन बहाली यात्रा निकाली है। सड़क मार्ग से यह यात्रा निकाली जा रही है। जगह-जगह पेंशनर हम लोगों का भव्य स्वागत कर रहे हैं।

## आप की बैठक में किसानों के गन्ना भुगतान को लेकर मंथन

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। किसानों की गन्ना बकाया व गन्ना मूल्य के साथ आगामी सत्र में ऑनलाइन भुगतान किए जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक के माध्यम से मंथन किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया योजना के बीच गन्ना किसानों को ऑनलाइन गन्ना भुगतान की सुविधा दिए जाने की पैरवी करते हुए अन्यथा की स्थिति में भविष्य में उप गन्ना आयुक्त कार्यालय का घेराव किए जाने की चेतावनी दी। आम आदमी पार्टी की बैठक में प्रदेश में गन्ना किसानों के साथ लगातार हो रहे अन्याय के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने आवाज उठाते हुए आरोप लगाया कि वेस्ट यूपी में गन्ने की फसल बहुतायत में होने के बावजूद न तो फसलों का उचित मूल्य मिलता है और न चीनी मिलों द्वारा भुगतान किए जाने की व्यवस्था है। जिलाध्यक्ष अरविन्द बालियान ने कहा कि पूर्व वर्षो की भांति चीनी मिलों पर किसानों का अब भी करोड़ों रुपया बकाया है, जबकि अगला पेराई सीजन शुरू होने वाला है। उन्होंने गन्ना किसानों के बकाया गन्ने का भुगतान किए जाने के साथ ही आगामी पेराई सत्र के गन्ना मूल्य का निर्धारण और अब भविष्य में चीनी मिलों द्वारा खरीदे गन्ने का 24 घंटों में ऑनलाइन भुगतान कराए जाने की व्यवस्था शुरू कराए जाने की मांग की। आप कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि गन्ना किसानों की तमाम मांगों को समय रहते पूर्ण नहीं किया गया तो आप कार्यकर्ता इन गन्ना किसानों के अधिकारों के उप गन्ना आयुक्त कार्यालय का घेराव करने के लिए विवश होंगी। इस दौरान मुख्य रूप से सोमेश गौतम, अशोक कुमार, अजय चौधरी, संजीव मान, विकास कटारिया, कैसर जैदी, कैलाश कुमार, संजीव कुमार, रैन प्रकाश, अशोक कुमार, संदीप सिंह, राशिद, प्रेमपाल, रविकांत, अजय भारद्वाज, सतीश निकुंज आदि मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

### –क्षेत्रीय अध्यक्ष व राज्य मंत्री ने किया युवाओं को प्रोत्साहित



मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज में किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर रहे। मुख्य वक्ता मोहित बेनीवाल ने भाजपा के निर्माण से आज तक के कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सदैव भाजपा का कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर देश की सेवा और अन्तोदय के लिए कार्य करता है। इस दौरान राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के विषय में बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश-प्रदेश में शिक्षा के साथ ही परिवहन, सड़क और रेल लाइन के जाल बिछा कर यात्रा को सुगम किया है। वहीं बिजली आपूर्ति से व्यापार आसान हुआ है। दूसरे सत्र के वक्ता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला रहे। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भाजपा के मूल विचारों के विषय में बताते हुए कहा कि भाजपा का सिद्धांत प्रत्येक व्यक्ति का विकास करने के साथ देश के युवाओं को रोजगार देने वाला बना है। जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने पार्टी की आगामी योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अध्यक्षता कार्तिक काकरान जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा एवं संचालन श्याम रहेजा जिला महामंत्री व रजत त्यागी ने किया। कार्यक्रम में रजत जैन, सचिन त्यागी, विनीत बालियान, कुशवेंद्र तोमर, विनोद चौहान, अभय जैन, राहुल चौहान, कीर्तियांश तोमर, सोनित प्रजापति, विकास कौशिक, नीरज कश्यप, अजय सागर के अलावा सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री आदि बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रहे।

## हादसे के पीड़ित परिवार को नौ लाख का चेक सौंपा

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। न्याजुपुरा में कच्ची छत गिरने की वजह से हुए हादसे में पीड़ित परिवार को आज राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने 9 लाख रुपये का चेक सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता गौहर सिद्दीकी व मास्टर इसरार की मौजूदगी में राज्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से 9 लाख रुपये का चेक पीड़ित परिवार को दिया।



## सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। सपा कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत भारत रत्न दिलाए जाने की मांग की। इस दौरान कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन डीएम चन्द्र भूषण सिंह को सौंपा। गुरूवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे सपा नेता शमशेर मलिक ने डीएम चन्द्र भूषण सिंह को सौंपे राज्यपाल के नाम ज्ञापन में मांग की कि पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न दिलाए जाने की मांग की। शमशेर मलिक ने बताया कि मुलायम सिंह यादव एक छोटे से गांव से निकलकर संसद तक पहुंचे।

उन्होंने किसानों व मजदूरों की मांगों के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया। इसके साथ ही रक्षा मंत्री रहते उन्होंने शहीदों के शव को घर तक पहुंचाने का जो काम किया, वह सराहनीय पहल है।

सपा नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार से पूर्व रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से राशिद मलिक, रवि कुमार, ललित कुमार, अमन, जीशान सिद्दीकी, सुबोध कुमार, नदीम राणा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गरीब कन्याओं को किया गया साइकिलों का वितरण

मुजफ्फरनगर , 13 अक्टूबर (बुस.)। आज रोटरी क्लब मिडटाउन द्वारा स्थानीय मिठाई आर्ट लिंक रोड सायं 4 बजे 10 साइकिलों का वितरण स्कूल जाने वाली गरीब कन्याओं को किया गया। यह साइकिल वितरण कार्यक्रम रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन की महिलाओं द्वारा करवाचौथ के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी उपस्थित सदस्यों व एन्स द्वारा 10 कन्याओं को साइकिल दी गयी। क्लब अध्यक्ष रो. अंकित मित्तल ने बताया की क्लब द्वारा रोटरी दिव्य बालिका श्री योजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय रोटरी अध्यक्ष 2021-22 के सानिध्य में 200 साइकिलों का वितरण किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में रो अतुल अग्रवाल उ.अ., मुनीश गोयल, अमित मित्तल, गौरव गोयल, शैलेन्द्र शर्मा, विकास वर्मा ने अपना आर्थिक सहयोग दिया। इसके उपरांत सदस्य महिलाओं द्वारा मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये, जिसकी कार्यक्रम संयोजिका पूजा सिंघल, निशु सिंघल रही। आरती मित्तल ने करवाचौथ के महत्त्व प्रकाश डाला तथा सभी ने मिलकर सामूहिक रूप से पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में उमेश कुमार गोयल, सुनील अग्रवाल, आकाश बंसल, शुशोभ बिंदल, सुमन बिंदल, नेहा गोयल, संध्या गोयल, शालू गर्ग, नीरा गोयल, रमन बाला अग्रवाल, आशिमा जैन, रूचि गर्ग, ईशा गोयल, पारुल जैन, रीना जैन मौजूद रहे।



## मोनिका जैन ने जीता करवाचौथ क्वीन का खिताब

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। संघ शोभा महासाध्वी श्री ज्योति प्रभा जी महाराज जिनधर्म प्रभाविका सुसाध्वी श्री सुगंध जी महाराज और सेवाभावी सुसाध्वी श्री सीयल श्रीजी महाराज के सानिध्य में नई मण्डी जैन स्थानक में करवाचौथ का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। करवा चौथ क्वीन का खिताब मिसेज मोनिका जैन ने जीता। करवाचौथ के उपलक्ष्य में नई मण्डी जैन स्थानक में भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 60 महिलाओं ने हिस्सा लिया। जैन स्थानक में विराजमान गुरूजी के सानिध्य में यह कार्यक्रम अति हर्षोल्लास से मनाया गया। विभिन्न तरह के खेल, तम्बोला और सरप्राइस से यह कार्यक्रम भरपूर रहा। एक छोटी सी काव्यात्मक प्रतियोगिता से करवा चौथ क्वीन का खिताब मिसेज मोनिका जैन ने जीता। प्रथम रनरअप रही मिसेस पूजा गोयल और द्वितीय रनरअप मिसेस स्वाती जैन रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सृष्टि जैन, दिव्या जैन, आयुषी जैन और मिसेस प्रियंका जैन का विशेष योगदान रहा। राजीव जैन ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस कार्यक्रम का समापन अति हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक सभी को उपहार देकर किया गया।



## धमात पुल निर्माण को पूजा के बाद नारियल फोड़कर कार्य की शुरूआत

पुरकाजी, 13 अक्टूबर (बु.)। कई वर्षों से धमात पुल जर्जर होने के कारण बन्द कर दिया गया था, जिसकी वजह से पुरकाजी क्षेत्रवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। विधायक बनने के बाद से मैं विधानसभा नियम 301 में पुल की मांग करता आ रहा था। गत 17 सितंबर को भी मुख्यमंत्री जी ओर सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव से मिलकर धमात पुल को जल्द से जल्द बनवाने की मांग की गई थी। आज गुरुवार को सड़क से पहले धमात पुल का आज पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर कार्य की शुरूआत की। पुल बनने से किसानों, छात्र-छात्राओं, सवारियों सहित सभी की समस्या दूर होगी। इंजीनियरिंग मुकेश गुप्ता, प्रधान नरेश गुज्जर, रतनसिंह गुज्जर, सन्दीप कुमार, राजकुमार गुज्जर, बबलू गुज्जर, सुनील वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, मोंटी, सलीम मौजूद रहे।




## व्यापारियों ने किया एसएसपी को सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। अंसारी रोड पर कपड़ा व्यापारी से हुई एक करोड़ से अधिक की लूट की घटना का खुलासा करने पर व्यापारियों ने एसएसपी का सम्मान किया। गौरतलब है कि कपड़ा व्यापारी एवं मनी एक्सचेंज करने वाले अर्पित जग्गा से 1 सप्ताह पहले अंसारी रोड पर रकम से भरे दो बैग हमला कर लूट लिये गए थे। व्यापारी ने तीन-चार लाख रुपये लूटने का मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में 1 करोड़ 10 लाख की लूट होने की पुलिस को जानकारी दी थी। पुलिस ने 3 दिन बाद इस घटना का खुलासा कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर एक करोड़, एक लाख 40 हजार रुपये नगद बरामद किए थे। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, सतपाल सिंह मान, राकेश त्यागी, सरदार बलवेंद्र सिंह आदि ने एसएसपी से मिलकर उन्हें सम्मानित किया। एसएसपी ने व्यापारियो को सुरक्षा एवं मदद करने का आश्वासन दिया।

## मजदूर की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। एक किसान के खेत में काम करने आए मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव तुगलकपुर कम्हेड़ा निवासी शिवकुमार पुत्र कबूलचंद छपार क्षेत्र में एक किसान के खेतों में मजदूरी कर रहा था, यहां से वापस लौटते समय अचानक उसकी हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। अन्य मजदूरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।



## करवाचौथ का पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया

चरथावल, 13 अक्टूबर (बु.)। नगर व क्षेत्र में गुरुवार को सुहागिनों का त्यौहार करवाचौथ का पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं में सवेरे से ही जहां सोलह श्रंगार कर व आकर्षक परिधान पहन सजने धजने की होड़ रही, वहीं सुहागिनों ने भगवान गणेश व करवामाई की भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की तथा परिवार की बुजुर्ग महिलाओं के सानिध्य में करवा माई की कथा पढ़ी व सुनी तथा घर परिवार की खुशहाली के साथ-साथ करवामाई से अपने अपने पतियों की भी लम्बी आयु की कामना की। तदुपरांत सुहागिनों ने पूरा दिन निर्जल व निराहार उपवास किया तथा देर सायं चन्दमा को अर्घ्य देकर अपने पतियों के हाथों से जल व फल आदि ग्रहण कर अपने उपवास का परायण किया। इस अवसर पर पतियों ने भी घर की सरकार का मूड सही रखने को उन्हें आकर्षक उपहार आदि भेंट किये। इस पर्व के अवसर पर बाजारों में जहां पूरा दिन भीड़ रही, वहीं पर्व से सम्बन्धित सामानों पर बेतहाशा महंगाई ने पर्व का मजा भी किरकिरा किया। बावजूद इसके क्षेत्र में करवाचौथ की पूरी धूम रही।

## यूपी के स्कूलों में होगी एनसीईआरटी किताबों से पढ़ाई

लखनऊ, 13 अक्टूबर (वार्ता)। परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक से तीन तक अगले सत्र (2023-24) से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। इस संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग ने कैबिनेट प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसके लिए एनसीईआरटी से अनुबंध कर लिया गया है। वहीं, अगले सत्र के लिए मार्च तक किताबें स्कूलों में पहुंचाने की तैयारी है। परिषदीय स्कूलों में एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम चरणबद्ध ढंग से लागू करने का निर्णय 2018 में लिया गया था और 2021-22 से कक्षा एक से आठ तक चरणबद्ध ढंग से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू करने की योजना थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। अब सरकार अगले सत्र में कक्षा एक से तीन और उसके अगले दो वर्षों यानी 2025-26 तक कक्षा आठ तक पाठ्यक्रम लागू करेगी। अभी उसी पाठ्यक्रम को लागू किया जा रहा है। आगे चल कर इसमें स्थानीय आवश्यकताओं के मुताबिक बदलाव किया जाएगा।

## चाची भतीजे को टेंकर ने मारी टक्कर

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र में पीनना मोड़ पर टेंकर की टक्कर से बाइक सवार चाची भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से महिला को नाजुक हालत के चलते रैफर कर दिया गया। बाद में महिला का एक हाथ काटना पड़ा। इस सम्बन्ध में शहर कोतवाली पर टेंकर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में ग्राम वहलना निवासी निकुल पुत्र रविन्द्र ने बताया कि वह विगत् 6 अक्टूबर को अपनी चाची सरला पत्नी जितेन्द्र को बाइक पर लेकर बघरा दरगाह में प्रसाद चढ़ाने जा रहा था। बताया गया है कि पीनना बाईपास पर पहुंचने पर तेज रफ्तार से आए टेंकर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह तथा उसकी चाची सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से नाजुक हालत के चलते उसकी चाची को रैफर कर दिया गया। बाद में उसकी चाची का बांया हाथ काटना पड़ा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सीएम योगी ने जीता इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक प्रतिष्ठित मीडिया समूह की ओर से इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अवार्डों की श्रृंखला में सीएम को राजनीति श्रेणी में उनके शानदार काम के लिए यह सम्मान मिला है। इस श्रेणी में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया सहित कई बड़े नाम शामिल थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवार्ड को प्रदेश की 25 करोड़ जनता को समर्पित करते हुए कहा कि इस सम्मान के असली हकदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

## कर्नाटक में हिजाब प्रतिबंध रहेगा बरकरार

बेंगलुरु सुप्रीम कोर्ट में भी हिजाब को लेकर जारी विवाद का अंत नहीं हुआ है। दोनों न्यायाधीशों की अलग-अलग राय ने मामले को बड़ी बेंच तक पहुंचा दिया है। इसी बीच कर्नाटक सरकार ने भी साफ कर दिया है कि शीर्ष न्यायालय की तरफ से अंतिम फैसला आने तक शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध जारी रहेगा। जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धूलिया मामले की सुनवाई कर रहे थे। एक ओर जहां जस्टिस गुप्ता ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज किया। वहीं, जस्टिस धुलिया की तरफ से उन्हें स्वीकार किया गया। अब मामला बड़ी बेंच के पास चला गया है। प्रकरण में अब सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण बेंच के फैसले पर सबकी नजर रहेगी।

## कैल्लनपुर में नशे में धुत्त युवकों की फायरिंग, विरोध पर युवक घायल

पुरकाजी, 13 अक्तूबर(बु.)। पुरकाजी के कैल्लनपुर गांव में बुधवार रात नशे में धुत्त युवकों ने फायरिंग कर अफरातफरी मचा दी फायरिंग का विरोध करने पर आरोपियों ने युवक को तमंचे की बट मारकर लहूलुहान कर दिया। उग्र ग्रामीणों ने हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर थाने पर धरना दिया। आरोप हैं कि बुधवार रात में शराब के नशे में धुत्त ठेके के पास हवाई फायरिंग की। इससे सनसनी फैल गई। तफ। घेर ने सो रहे लोकेश कश्यप नर बाहर आकर विरोध जताया तो आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए सिर में तमंचे की बट मार लोकेश को लहूलुहान कर दिया। शोर शराबा होने पर हमलावर फरार हो गए। फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर आ गई, जहां पर उन्हें ग्रामीणों का विरोध



झेलना पड़ा। ग्रामीणों ने घायल लोकेश को खुद ही अस्पताल भर्ती कराया।जिला अस्पताल से गंभीर हालत में लोकेश को मेरठ रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार राजेन्द्र की तहरीर पर ठेके के सेल्समेन पोपिन निवासी भोपा समेत आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कर लिया है। हमलावरों की तलाश में दबिश चल रही हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुलायम सिंह यादव की नहीं होगी तेरहवीं

सैफई, 13 अक्टूबर (वार्ता)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तेरहवीं नहीं होगी। बेटे अखिलेश यादव ने सैफई की परंपरा को निभाने का फैसला लिया है। अब 11वें दिन केवल हवन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। इसके अलावा हरिद्वार में अस्थियों का विसर्जन किया जाएगा। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन के बाद सैफई में मंगलवार को मुलायम का अंतिम संस्कार किया गया था। बुधवार को परिवार के लोगों ने शुद्धि संस्कार में भाग लिया और अखिलेश समेत परिवार के पुरुष सदस्यों ने बाल भी मुंडवाए थे। आमतौर पर किसी के निधन के बाद तेरहवीं और सतरहवीं होती है। यह चलन सैफई गांव के लोगों ने बहुत पहले बंद कर दिया था। सैफई के ग्रामीणों का मानना है कि तेरहवीं का भोज करने से आर्थिक बोझ पड़ता है। एक तरफ लोग अपनों से बिछड़ने के गम में डूबे होते हैं दूसरी ओर भोज का आयोजन ठीक नहीं लगता है। इसी को देखते हुए सैफई गांव ने तेरहवीं नहीं करने का फैसला बहुत पहले किया था। हालांकि मुलायम परिवार के सामने किसी तरह की आर्थिक समस्या नहीं है। वह तेरहवीं कर सकता है लेकिन सैफई के लोगों का यह भी मानना है कि अगर कोई बड़ा आदमी तेरहवीं करता है तो उसे देखकर गरीब आदमी भी करेगा और उस पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी वजह से अमीर घरों के लोग भी सैफई की परंपरा निभाते हैं और तरहवीं नहीं करते है। अब अखिलेश यादव ने भी सैफई की परंपरा निभाते हुए पिता मुलायम की तेरहवीं नहीं करने का फैसला लिया है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

कैराना, 13 अक्टूबर (बु.)। अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। 21 अगस्त को ऊंचा गांव निवासी अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह चैहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कचहरी से गांव लौटते समय उसके ऊपर तमंचे से फायर करके हत्या करने का प्रयास किया था। पुलिस ने मामले में पिता-पुत्र सहित तीन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी बिंदर निवासी ऊंचा गांव को 315 बोर के तमंचे और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

## डिस्पोजल बर्तन बनाने की फैक्ट्री में चोरी करने वाले तीन बदमाश दबोचे

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** पांच दिन पूर्व छपार थाना क्षेत्र के गांव सिसौना के जंगल में स्थित डिस्पोजल बर्तन बनाने की फैक्ट्री से विद्युत मोटर व अन्य सामान चोरी करने वाले तीन बदमाशों को चोरी किये गए माल, पिकअप गाड़ी व शस्त्रों सहित गिरफ्तार कर थाना नई मंडी पुलिस ने घटना का खुलासा करने का दावा किया है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 8 अक्टूबर की रात छपार थाना क्षेत्र के गांव सिसौना के जंगल में डिस्पोजल बर्तन बनाने की फैक्ट्री में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात की थी। बदमाश फैक्ट्री से तीन विद्युत मोटर व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। फैक्ट्री मालिक द्वारा मुकदमा दर्ज कराने के बाद पुलिस चोरों की तलाश में लगी हुई थी। एसएचओ नई मंडी सुशील कुमार सैनी ने बताया कि बुधवार रात को पुलिस ने नसीरपुर चैराहे के पास से सुभाष नगर निवासी शाहनवाज, इमरान व नाजिम को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक पिकअप, एक तमंचा, दो चाकू व कारतूस बरामद हुए हैं। एसएचओ ने बताया कि उक्त लोगों किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। पूछताछ में तीनों ने बताया कि उन्होंने सिसौना के जंगल में स्थित डिस्पोजल बर्तन बनाने वाली फैक्ट्री एसके इंटरप्राइजेज में चोरी की थी। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर तीन विद्युत मोटर, एक इनवर्टर, एक बैटरा बरामद कर लिया। एसएचओ ने बताया कि तीनों बदमाश पिकअप में सवार होकर रात के समय चोरी करते हैं। दो आरोपी फैक्ट्री में घुसते हैं और एक गाड़ी लेकर बाहर खड़े होकर नजर रखता है। एसएचओ ने बताया कि यह बदमाश दिन में रेकी करने के बाद रात के समय चोरी की वारदात करते हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## श्रम विभाग की टीम ने पकड़े तीन बाल श्रमिक

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में छापामार अभियान चलाते हुए रुड़की रोड स्थित चन्द्रा टॉकीज के पास सुपर मार्किट का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने मार्किट में कार्य कर रहे बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के साथ ही दुकानदारों को नियमों का सख्ती से पालन करने के साथ ही बाल श्रम प्रथा को रोकने में सहयोग की अपील की।

गुरूवार को कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त के निर्देश पर विभाग की टीम ने बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा चंद्रा टॉकीज के सामने स्थित सुपर मार्किट में छापा मारा, जहां टीम ने 5 बाल श्रमिकों को चिन्हित करते हुए प्रतिष्ठान मालिकों के विरुद्ध इस बीच नियमानुसार अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। टीम द्वारा की गई कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। उक्त संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों की माने तो बाल मजदूरी कराने वालों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही अभियान के तहत लोगों को बाल श्रम न करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए इस बीच टीम ने कहा कि बाल श्रम एक कुप्रथा है, जिसको रोकने के लिए समाज का सहयोग जरुरी है। ऐसे में बाल श्रम रोकने के लिए ऐसे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान लोगों से अपील भी की गई कि उनके क्षेत्र में यदि कोई भी बालक बाल श्रम करते मिलता है तो उसकी जानकारी सम्बन्धित पुलिस थाने एवं 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर पर अवगत कराए। लोगों को जागरूक करने के लिए टीम गठित की गई है।

यह टीम गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को किसी कार्य पर लगाता है तो ऐसा करने पर उसे दो वर्ष तक की कैद की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

## महिला बनकर गन्ने के खेत में ले जाकर बनाते थे शिकार

### मुजफ्फरनगर के शातिर लुटेरे सहारनपुर में गिरफ्तार

सहारनपुर, 13 अक्टूबर (वार्ता)। महिला का रूप बनाकर हाईवे पर ट्रक चालकों को लूट का शिकार बनाने वाले मुजफ्फरनगर के बदमाशों के एक गिरोह को नागल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवबंद रामकरण सिंह ने बताया कि गत नौ अक्टूबर की रात्रि करीब तीन बजे स्टेट हाईवे स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन पर ग्राम सरसीना के निकट एक महिला के वेश में युवक ने टार्च दिखाकर ट्रक चालक को रोका। आरोपित चालक को सड़क किनारे गन्ने के खेत में ले गया था। खेत में मौजूद अपने साथियों के साथ मिल कर उससे करीब 17 हजार रुपये की लूट की। थाना पुलिस लूट का शिकार बने ट्रक चालक अरशद निवासी अकबरपुर सुनहटी थाना कैराना जनपद शामली की रिपोर्ट अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कर बदमाशों की तलाश में लगी थी। गश्त के दौरान पुलिस को हाईवे पर सत्संग भवन के पास एक ट्रक के निकट महिला संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। पुलिस ने उसे पकड़ा तो वह महिला के रूप में युवक निकला। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने गन्ने के खेत से उसके तीन साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से एक देशी तमंचा, टार्च, चार महिलाओं के सूट एवं एक बैग, जिसमें मेकअप का सामान था, बरामद किया गया। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपने नाम सुफियान पुत्र सरताज एवं अमन पुत्र इसराइल निवासी कस्बा व थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर अहमद पुत्र मुंतजीर निवासी कूटेसरा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर तथा मुरसलीन पुत्र मौसम निवासी बच वाली पट्टी कस्बा व थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर बताया। बदमाशों ने बताया कि वह ट्रक चालकों को अपना निशाना बनाते थे। मुरसलीन महिला का वेश धारण कर ट्रक चालक को सड़क किनारे गन्ने के खेत में ले जाता था। उन्होंने नौ अक्टूबर की रात्रि हाईवे पर ट्रक चालक से लूट की घटना को भी स्वीकार किया।

## उत्तराखंड में एनकाउंटर पर मचा बवाल, उत्तर प्रदेश पुलिस पर हत्या का मामला दर्ज

**देहरादून, 13 अक्टूबर (वार्ता)।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में कुंडा थाना क्षेत्र के भरतपुर गांव में ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख की पत्नी की फायरिंग में मौत के बाद मचे हुए बवाल में धामी सरकार की उत्तराखंड और योगी आदित्यनाथ की यूपी पुलिस आमने-सामने आ गई है। बुधवार देर रात मचे बवाल के बाद आज गुरुवार को फॉरेंसिक की टीम ने भरतपुर गांव पहुंचकर सबूत भी जुटाए। मामले में उत्तराखंड और यूपी पुलिस की ओर से केस दर्ज किया गया है। उत्तराखंड पुलिस के डीआईजी (कुमाऊं जोन) एनए भरणे ने कहा कि यूपी पुलिस उत्तराखंड में स्थानीय पुलिस को बिना कोई सूचना दिए दबिश देने आई थी, जिसके बाद बवाल शुरू हुआ। कोई भी पुलिसकर्मी वर्दी में भी नहीं थे। यह बहुत गलत है कि पुलिसकर्मियों द्वारा जबरन घर में घुसकर फायरिंग की गई, जिससे एक महिला की मौत हो गई, जिसके बाद हत्या का केस दर्ज किय गया है। कहा कि उत्तराखंड पुलिस जांच कर रही है कि क्या यूपी पुलिस ने इनामी को पकड़ने के लिए दी गई दबिश से पहले स्थानी पुलिस को सूचित किया था की नहीं? महिला की मौत के बाद बचे बवाल में घायल यूपी पुलिसकर्मी बिना उत्तराखंड पुलिस को सूचित किए वापिस यूपी (मुरादाबाद) चले गए, जिस पर भी उत्तराखंड पुलिस ने सवाल उठाया है। उत्तराखंड में यूपी पुलिस की किरकिरी होने के बाद डीआईजी मुरादाबाद शलभ माथुर मुरादाबाद पुलिस के बचाव में आए। उनका कहना है कि 50 हजार के इनामी बदमाश के लिए यूपी पुलिस द्वारा दबिश दी गई थी। ह्यजब हमारी टीम पहुंची तो पुलिस टीम को बंधक बना लिया था और हथियार भी छीन लिए गए थे। तीन पुलिसकर्मियों को गोली लगी है, जबकि तीन पुलिसकर्मी ग्रामीणों के साथ झड़प में घायल हुए हैं, जबकि ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। वहीं घटना के बाद यूपी पुलिस ने भी ग्रामीणों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

## उत्तर प्रदेश के इन शहरों के लिए मिलेगी सस्ती हवाई यात्रा सुविधा

लखनऊ, 13 अक्टूबर (वार्ता)। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम अन्तर्गत यूपी के आठ शहरों के लिए सस्ती उड़ानें शुरू होंगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसके लिए गुरुग्राम की विमानन कंपनी को लाइसेंस दिया है। अब उड़ानों का शेड्यूल जारी होगा। कंपनी 19 सीटर विमान उड़ाएगी। स्वीकृतिपत्र अनुसार लखनऊ, प्रयागराज, आजमगढ़, चित्रकूट, वाराणसी, म्यूरपुर कोरबा, मुरादाबाद, श्रावस्ती के बीच उड़ानें शुरू होंगी। गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से एक उड़ान बठिंडा की होगी। कुल 15 नियमित उड़ानें छोटे-बड़े शहरों के बीच सम्पर्क का जरिया बनेंगी। आरसीएस योजना के अन्तर्गत छोटे शहरों को विमान सेवाओं से जोड़ने का लक्ष्य है।

## 'मुहर्रम में नाचेंगे' कहकर फंसे मल्लिकार्जुन खड़गे!

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (वार्ता)। 'बकरी ईद में बचेंगे तो मुहर्रम में नाचेंगे' यह बयान देकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर आ गए हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि इसके जरिए खड़गे ने मुसलमानों का अपमान किया है। हालांकि, इसे लेकर अभी तक कांग्रेस या खड़गे की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भाजपा ने इस बयान को लेकर एक बार फिर कांग्रेस को निशाने पर लिया है।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** बामनहेड़ी व मलीरा के बीच रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान करने के प्रयास किये, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सवेरे करीब 7:30 बजे बामनहेड़ी व मलीरा के बीच एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किये, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र 35 वर्ष के लगभग है और उसने लाल टी शर्ट पहनी है। पुलिस का अनुमान है कि मृतक मजदूर था, जो रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

## घर में घुसकर विधवा से रेप का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव पीनना में एक युवक ने घर में घुसकर एक विधवा महिला के साथ रेप का प्रयास किया। विरोध पर की गई मारपीट में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने पर पीड़िता ने अदालत की शरण ली। अदालत के आदेश पर आज पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। अदालत के आदेश पर शहर कोतवाली में दर्ज हुई रिपोर्ट में गांव पीनना निवासी एक विधवा महिला ने बताया कि बागपत जनपद के बिनौली थाना क्षेत्र के गांव पुठ्ठी धनौरा निवासी नीटू उर्फ नीशू पुत्र निरंकार का उसके घर आना जाना था। पीड़िता का आरोप है कि विगत् 28 मार्च 2022 को उक्त नीटू उसे घर में अकेला पाकर घर में घुस आया और उसके साथ रेप का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता का सिर दरवाजे में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी चीख पुकार पर उसका विकलांग देवर वहां आ गया, जिस पर आरोपी धमकी देता हुआ चला गया। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी, तब पीड़िता ने अदालत की शरण ली। शहर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अब्दुल लतीफ रशीद बने इराक के नए राष्ट्रपति

बगदाद। इराक की संसद ने कुर्द राजनेता अब्दुल लतीफ रशीद को राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया है। इराक में नए राष्ट्रपति के चयन को लेकर पिछले एक साल से गतिरोध चल रहा था। रशीद चार साल से इराक के राष्ट्रपति पद पर बरकरार बरहम सालिह की जगह लेंगे।

**शेष : किया चांद का दीदार ....**

के लिए पहुंचीं। वहां अर्घ्य देने के बाद उन्होंने अपने सुहाग के दर्शन कर बड़ों से आशीर्वाद लिया और इसके बाद अपना व्रत खोला। इससे पहले कल सुबह शुरू हुआ मेहंदी रचाने का कार्य देर रात तक जारी रहा। हथेलियों पर खुशरंग रेखाओं में सजे विभिन्न डिजाइनों को देखकर खुद अपने आप पर रीझने और अपनी मेहंदी को दूसरो से अच्छा साबित करने का जतन करती महिलाओं ने रचे हाथों से आज के सुहाग दिवस की शुरूआत की। शहर में शिवचौक, गांधी कॉलोनी के मुख्य बाजार और नई मंडी के विभिन्न हिस्सों में रात तक भी महिलाओं को अपनी बारी आने के लिए काफी प्रतीक्षा करनी पड़ी। वहां टेंट में लगाए गए मेहंदी पार्लर मध्य रात्रि तक गुलजार रहे।

**शेष : दो बाइकों की भिड़ंत**

इसी बीच दुर्घटना के बाद व्यक्ति तड़पता रहा, लेकिन कोई भी मदद को आगे नहीं आया और व्यक्ति को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।






















## जिला कारागार में 23 बंदियों ने रखा व्रत

**मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)।** करवा चौथ पर जिला कारागार में 23 महिला बंदियों ने करवा चौथ का व्रत रखा। खास बात यह है कि इनमें 13 महिलाओं के पति भी जेल में बंद हैं। जेल प्रशासन ने इस दौरान महिलाओं की व्यवस्था की गई थी। जिला कारागार में भी आज करवा चौथ की धूम रही। महिला बंदी करवा चौथ के व्रत की तैयारियों में पिछले दो दिनों से लगी हुई थीं। उन्होंने एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी भी लगाई। उन्होंने विधि विधान से व्रत रखा और दोपहर के समय उन्होंने पूजा अर्चना




की और कहानी भी सुनी। जेल प्रशासन ने बंदियों को पूजन और शाम को चंद्र दर्शन व अर्घ्य के लिए सामान उपलब्ध कराया। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि जिला कारागार में महिला बैरक में बंद 23 महिलाओं ने पूरी आस्था के साथ व्रत रखा। इनमें 13 महिलाओं के पति भी जेल में बंद हैं। इन महिलाओं को चांद निकलने के समय पति से व्रत खुलवाने की व्यवस्था भी की गई। उन्हें इस दौरान आवश्यकता के अनुसार छलनी, दीया व मिठाई की भी व्यवस्था की गई है। इसके लिए जेल के अंदर एक परिसर बनाया गया।











## महिलाएं बोली आज के दिन झगड़ा करने में घाटा, इसलिए सिर्फ प्यार बांटा

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। करवाचौथ के पावन पर्व पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम जब विभिन्न मंदिरों में कथा कर रही महिलाओं से बात करने के लिए पहुंची, तो महिलाओं ने चटपटे अंदाज में अपनी-अपनी बातें साझा की। महिलाओं से जब यह पूछा गया कि पति-पत्नी का रिश्ता नोंक-झोंक और लड़ाई-झगड़े का भी है, ऐसे में वे आज के दिन खुद पर कैसे कन्ट्रोल रखती हैं, तो महिलाओं ने बड़े चटपटे अंदाज में जवाब दिया कि आज के दिन झगड़ा करने में घाटा ही घाटा है इसलिए आज सिर्फ प्यार ही प्यार बांटा है। महिलाएं बोली उन्हें पता है कि जब उनके पति घर आयेंगे, तो पूजन के समय कुछ ना कुछ उपहार जरूर लायेंगे, इसलिए खामोश रहने में ही भलाई है। कुछ महिलाओं ने कहा कि एक पति-पत्नी का रिश्ता ही तो ऐसा है, जिसमें चाहे पूरे साल झगड़ा क्यों ना हो जाये, मगर फिर भी इस रिश्ते की गांठ कम नहीं होती। लड़ते-झगड़ते पूरी जिंदगी जैसे-कैसे पति-पत्नी निभा ही देते हैं, हां इतना जरूर है कि आधुनिक रिश्ते बेशक चंद दिनों में टूट जाते हों, मगर पूराने रिश्ते आज भी मजबूती के साथ चल रहे हैं। महिलाओं का कहना था कि कुछ भी हो करवाचैथ का पर्व वास्तव में प्रेम, त्याग और समर्पण का संदेश स्वयं ही छोड़ता है। महिलाएं जहां त्याग का प्रतीक बनकर पूरे दिन निर्जला व्रत भी रखती हैं। पति भी किसी ना किसी रूप में अपने प्रेम व उपहार से पत्नियों के प्रति समर्पण का भाव रखते हैं। पुरूषों को वास्तव में इसदिन महिलाओं के त्याग का अहसास उनके व्रत रखने से ही हो जाता है, क्योंकि हर वर्ष महिलाएं अपने-अपने पतियों के लिए पूजा पाठ के साथ-साथ उनकी दीघार्यु के लिए भी कामना करती हैं और पत्नियों द्वारा की गई कामना वास्तव में पुरूषों के लिए फलीभूत होती है। अलग-अलग प्रकार के चटपटे अनुभव को बताते हुए महिलाओं ने यहां तक भी बताया कि वे बेशक रोज अपने पतियों से कपड़े धुलवाने तक काम कराती हों, मगर आज के दिन उन्हें छूट दे दी जाती है। हंसते-हंसते पत्नियों ने अपने अनौखे-अनौखे अनुभव बुलेटिन टीम के साथ साझा किये। कुल मिलाकर करवाचौथ का पर्व बड़े ही खुशनुमा अंदाज में महिलाओं और पुरूषों दोनों के द्वारा मनाया गया। पुरूषों ने व्रत खुलवाते समय पत्नियों को उपहार भेंट किये।









### पत्नियों ने किये बाहर गये पतियों के वीडियो कॉल से दर्शन

मुजफ्फरनगर, 13 अक्टूबर (बु.)। आधुनिक युग में पति और पत्नी भी आधुनिक हो चुके हैं। पहले का दौर दूसरा था, जब कई-कई सौ किलोमीटर दूर गये हुए पति से चेहरा देखना तो दूर लैण्डलाईन पर कॉल करने की भी सुविधाएं उपलब्ध न थीं, मगर धीरे-धीरे युग आधुनिक होता चला गया और आज पति पत्नी दूर होते हुए भी वीडियो कॉल के जरिए करीब होते दिखाई पड़ते हैं। हजारों किलोमीटर दूर बैठकर भी पत्नी अपने पति के दर्शन कर लेती हैं और वास्तव में मोबाइल के आगे खड़े होकर चन्द्रमा के साथ-साथ पति की पूजा कर ली जाती है। जबसे वीडियो कॉल का युग शुरू हुआ है। यह कहना गलत ना होगा कि पति-पत्नी हो या अन्य परिवार के लोग एक दूसरे के चेहरे देखने को नहीं तरसते। करवाचैथ पर भी ठीक ऐसा ही हुआ।

## तेरा साथ है तो .... मुझे क्या कमी है









